**#Shahjahanpurpol**

## प्रेस नोटः- थाना सदर बाजार पुलिस का सराहनीय कार्य 29.11.23

## मोटर साईकिल से लूट करने वाले 03 अभियुक्तगणो को 45 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा अपने निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के निर्देशन में अपराध रोकथाम हेतु कार्यवाही कराते हुए थाना सदर बाजार पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दि0 27.11.23 को वादी श्री अभय पुत्र संजय श्रीवास्तव नि0 सैनिक कालोनी गदियाना थाना सदर बाजार शाहजहापुर द्वारा सूचना दी कि मोटर साईकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियो द्वारा पीछे से आकर तमंचे के बल पर उनके मोबाईल फोन व पाच हजार रूपये नगद लूटकर ले गये है जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत मु0अ0सं0804/23 धारा-392 भादवि बनाम अज्ञात लूटेरो के गिरफ्तारी/लूट माल बरामद हेतु एक कुशल टीम का गठन किया गया।

उक्त टीम द्वारा आज दि0 29.11.23 को उक्त लूट करने वाले तीन अभियुक्तो गणो को 08 अदद मोबाईल भिन्न भिन्न कम्पनी के 1020 रुपये नकद, एक अदद मोटर साईकिल यूपी 27 ए.क्यू 8664 व एक तमंचा देशी 12 बोर मय एक अदद कारतुस जिन्दा 12 बोर के साथ गदियाना चुंगी से पुवाया रोड पर जाने वाले रास्ते मे तलाब से पास से 45 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया।

### नाम पता गिरफ्तार शुदा अभि0गण -

1.रमाकान्त पुत्र राम प्रसाद उम्र करीव 22 वर्ष निवासी ग्राम मुर्छा थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर
2. शिवम दीक्षित पुत्र शुखनेश निवासी ग्राम मुर्छा थाना सिंधोली जनपद शाहजहांपुर
3. ओमकार वर्मा पुत्र राकेश कुमार निवासी वारापुर थाना सिंधौली जनपद शाहजहांपुर

### अपराधीक इतिहास

1.अभि0रमाकान्त उपरोक्त
(1)मु0अ0सं0 804/23 धारा-392,411 भादवि
(2)मु0अ0सं0806/23 धारा-379,411 भादवि
2.अभि0शिवम दीक्षित उपरोक्त
(1)मु0अ0सं0 804/23 धारा-392,411 भादवि
(2)मु0अ0सं0806/23 धारा-379,411भादवि
3.अभि0ओमकार उपरोक्त मु0अ0सं0-392/23 धारा-392,411 भादवि

### पुलिस टीम -

1. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार, चौकी प्रभारी अशफाकनगर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर
2. उ0नि0 श्री संजीव कुमार, चौकी प्रभारी सदर बाजार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर
3. उ0नि0 श्री देशराज, चौकी प्रभारी बहादुरगंज थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर
4. हे0का0 13 प्रदीप कुमार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर
5. का0 2206 पवन कुमार मौर्या थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर